# राज्यपाल बोलीं- मेरा कहा वायरल हो जाता है, आपको सर्वश्रेष्ठ बनाना मकसद

# '13 साल की बेटियों को बचाइए उन्हें ध्यान दीजिए'

**समारोह**

तमसा संकेत, एजेंसी




**राज्यपाल ने निदेशक से पूछा- पुस्तक केवल 2 ही लिखी गई। रिसर्च कितनी की, पेटेंट कितना किया? मैंने बीच में कहा था कि मां-बेटी सम्मेलन करना है पर समझ ही नहीं पाए। इसके पीछे लक्ष्य क्या था, इसे समझना चाहिए।**

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि मेरा कहा हुआ वायरल हो जाता है। वह सब कहने का मेरा उद्देश्य गलत नहीं होता। आपको सर्वश्रेष्ठ बनाना मेरा मकसद है। 13 साल की बेटियों को बचाइए, उन्हें ध्यान दीजिए। इसी उम्र में मेंसुरेशन शुरू होता है। इस उम्र की बेटियों की जांच जरूर होनी चाहिए। उन्हें समय से इलाज मिले।

इस उम्र में आकर्षण होता है। एक-दूसरे से प्रेम होता है। जब एक-दो साल प्रेम के बाद पकड़ा जाता है तो वह सरकार के माथे आता है। टीचर्स जब पढ़ाते हैं तो उन्हें ध्यान नहीं रहता क्या क्लास में किसकी नजर किस पर है? यदि सच्चा प्रेम है तो दोनों मिलकर तय कर लीजिए कि जब तक पढ़ाई पूरी नहीं होगी तब तक नो मैरिज।

राज्यपाल ने यह बात मंगलवार को संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लखनऊ के 30वें दीक्षांत समारोह में कही। उन्होंने 279 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां दीं।13 उत्कृष्ट शिक्षक, शोधकर्ता, डॉक्टर और विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कारों और गोल्ड मेडल दिया। इस दौरान यूपी स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने कहा- मैं 10 जिलों में ऐसी लड़कियों से मिली हूं। 13 की उम्र बचाने की है। दोष उनका नहीं है। आकर्षण होना कुदरती है। मेरा काम कमियां निकालना है पर ये गलत उद्देश्य से नहीं है। आपको सर्वश्रेष्ठ बनाने के मकसद से कह रही हूं।

मैं राज्यपाल हूं ..कभी मुझे कोई खामी दिखे तो मैं खुद बताती हूं।

### आपके 13 में से 4 हॉस्टल में मेस, सभी में होनी चाहिए

राज्यपाल ने कहा- जनभवन की टीम से जब PFO आते हैं कई जगह बॉटल दिखती है। जनभवन की टीम को EMRTC में छत से पानी टपकता है। क्लास रूम में ब्लैक बोर्ड पर टीचर को लिखने के प्लेटफार्म बनना चाहिए। किसी भी क्लास रूम में ये प्लेटफॉर्म नहीं बना है। 13 होस्टल में 4 मेस है। सभी में नहीं है। छात्रों की मांग है कि मेस सभी हॉस्टल में होनी चाहिए।



### 13 साल की उम्र में आकर्षण हो जाता है, बेटियों को ध्यान दीजिए

रज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा- मेरा कहा हुआ वायरल हो जाता है। वह सब कहने का मेरा उद्देश्य गलत नहीं होता। आपको सर्वश्रेष्ठ बनाना मेरा मकसद है। 13 साल की बेटियों को बचाइए, उन्हें ध्यान दीजिए। इसी उम्र में मेंसुरेशन शुरू होता है। इस उम्र की बेटियों की जांच जरूर होनी चाहिए। उन्हें समय से इलाज मिले। इस उम्र में आकर्षण होता है। एक-दूसरे से प्रेम होता है। जब एक-दो साल प्रेम के बाद पकड़ा जाता है तो वह सरकार के माथे आता है। टीचर्स जब पढ़ाते हैं तो उन्हें ध्यान नहीं रहता क्या क्लास में किसकी नजर किस पर है? यदि सच्चा प्रेम है तो दोनों मिलकर तय कर लीजिए कि जब तक पढ़ाई पूरी नहीं होगी तब तक नो मैरिज।

अब आप सुनना नहीं चाहते हैं यह भी मुझे पता है। मैंने धीमनजी ( निदेशक) को कहा कि ज्यादा अंक अर्जित करना ही क्राइटेरिया नहीं होना चाहिए। इसमें और भी क्वालिटी जोड़िए। आप सबको बहुत-बहुत बधाई।

# 'चढ़ावे से तीन करोड़ चोरी हुए लवकुश का मकान सील होगा'

## लवकुश का मकान सील होगा :स्वामी गोविंददेव

तमसा संकेत, एजेंसी


स्वामी गोविंददेव गिरि

अयोध्या । अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा- जहां तक मेरा अनुमान है करीब 3 करोड़ रुपए की चोरी हुई होगी। 14 करोड़ रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी होने की बात गलत है।

गोविंददेव गिरि ने पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने इस्तीफे की खबरों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा- मैंने कोई इस्तीफा नहीं दिया है। इधर, अयोध्या विकास प्राधिकरण ने चढ़ावा चोरी के आरोपी लवकुश मिश्रा के निर्माणाधीन मकान पर अंतिम नोटिस चस्पा कर दिया है। ADA ने इससे पहले 3 जुलाई को नोटिस दी थी, लेकिन लवकुश की पत्नी सुप्रिया मिश्रा ने कोई जवाब नहीं दिया।

अब प्राधिकरण ने 15 जुलाई तक का अंतिम अवसर दिया है। एडीए ने चेतावनी दी है कि अगर जवाब नहीं मिला तो निर्माणाधीन मकान को सील कर दिया जाएगा।

पुलिस ने आरोपी रमाशंकर मिश्रा और रिटायर्ड बैंक कर्मी सुभाष श्रीवास्तव को 14 घंटे के लिए रिमांड पर लिया है। पुलिस ने कोर्ट से 7 दिन की रिमांड मांगी थी। बुधवार सुबह दोनों आरोपियों को जेल से बाहर लाकर पूछताछ की जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वेबसाइट से पूर्व महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र का नाम हटा दिया गया है। इससे पहले दोनों की VIP पास आईडी भी ब्लॉक कर दी गई थी।

**फास्ट न्यूज**

### आंगन में सो रहे परिवार पर गिरी दीवार

प्रतापगढ़ । प्रतापगढ़ के कोहंडौर थाना क्षेत्र के मदुरै रानीगंज गांव में मंगलवार देर रात एक बजे बड़ा हादसा हो गया। बिजली कटौती के कारण आंगन में सो रहे एक परिवार पर कच्ची दीवार गिर गई। इस हादसे में गृहस्वामी विजय जायसवाल, उनकी पत्नी और दो बच्चों सहित कुल चार लोग घायल हो गए। गर्मी और बिजली न होने की वजह से परिवार आंगन में सो रहा था। इसी दौरान अचानक जर्जर दीवार ढह गई, जिससे पूरा परिवार मलबे में दब गया।

### अभिलेख सत्यापन की अंतिम तिथि को बढ़ाया

लखनऊ। सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद संजीव कुमार सिंह ने बताया कि छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए और अभ्यर्थियों को एक अंतिम अवसर प्रदान करने के दृष्टिगत, अभिलेख सत्यापन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब अभ्यर्थी 15 जुलाई 2026 की सायं 6:00 बजे तक अपने आवंटित सहायता केंद्र पर उपस्थित होकर अभिलेख सत्यापन की कार्यवाही को अनिवार्य रूप से पूर्ण करा सकते हैं। 07 जुलाई 2026 से प्रारम्भ द्वितीय चरण की काउंसिलिंग द्वारा संस्था अथवा पाठ्यक्रम का आवंटन पाने वाले अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन की कार्यवाही सहायता केन्द्रों के माध्यम से 14 जुलाई 2026 तक सम्पन्न करायी जानी थी।

### होर्डिंग विवाद पर सपा का हंगामा

बाराबंकी । बाराबंकी शहर में समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुस्लिम टोपी में दर्शाने वाले विवादित होर्डिंग को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मंगलवार सुबह होर्डिंग हटाए जाने के बाद दोपहर 4:15 बजे सपा कार्यकर्ताओं ने नगर कोतवाली का घेराव कर प्रदर्शन किया।

# बाराबंकी में डीएम ने किया सड़क परियोजनाओं का निरीक्षण

## अतिक्रमण हटाने, गुणवत्तापूर्ण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मंगलवार शाम 6:00 बजे नगर क्षेत्र में चल रही विभिन्न सड़क निर्माण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान मॉडल सड़क, राष्ट्रीय राजमार्ग-28 के चौड़ीकरण और आरसीसी डिवाइडर निर्माण सहित कई परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया।

बस स्टैंड से जनेश्मा महाविद्यालय होते हुए रेलवे स्टेशन तक विकसित की जा रही मॉडल सड़क पर दोबारा हुए अवैध अतिक्रमण पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

डीएम ने शेष निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा कराने को कहा। उन्होंने वृक्षों के पातन और बिजली के पोल शिफ्टिंग में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। मॉडल सड़क पर डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट, फुटपाथ, नाली और अन्य कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। इसके बाद, डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर लखनऊ-बाराबंकी-गोरखपुर-मोकामा मार्ग के चौड़ीकरण एवं आरसीसी डिवाइडर निर्माण परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने असेनी तिराहा से राष्ट्रीय राजमार्ग-27 तक सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण परियोजना का भी जायजा लिया। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को विभागीय समन्वय के साथ लंबित बाधाओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने पर बल दिया।



**जिलाधिकारी ने मौके पर निर्माण सामग्री के नमूने लेकर गुणवत्ता जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

## गवाह ने पहचानने से इनकार किया, 12 साल में पीड़िता की गवाही नहीं करा पाया अभियोजन

# 13 साल पुराने पर्स लूटकांड में दोनों आरोपी हुए बरी

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज के सिविल लाइंस में 2013 में महिला से पर्स लूट के चर्चित मामले में 13 साल बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने दोनों आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। अदालत ने माना कि प्रॉसीक्यूशन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित नहीं कर सका।

मामले में न तो पीड़िता की गवाही कराई गई और न ही एकमात्र पुलिस गवाह अदालत में आरोपियों की पहचान कर सका।

रिकॉर्ड के अनुसार, 27 अक्टूबर 2013 की शाम करीब 6:50 बजे नूतन श्रीवास्तव सिविल लाइंस से रिक्शे से अपने घर जा रही थीं। आरोप था कि सिविल लाइंस थाने से कुछ दूरी पर बाइक सवार दो युवकों ने चलती रिक्शा से उनका पर्स छीन लिया। पर्स में करीब 20 हजार रुपये नकद, नए कपड़े, बैंक ऑफ बड़ौदा के दो एटीएम कार्ड और एक सैमसंग मोबाइल फोन था। घटना के बाद सिविल लाइंस थाने में अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने विपिन कुमार शुक्ला और वैभव सिंह को आरोपी बनाते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 392 के तहत आरोपपत्र अदालत में दाखिल किया। 2014 में दोनों आरोपियों पर आरोप तय किए गए, लेकिन उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए मुकदमे की सुनवाई की मांग की।




### 12 साल में सिर्फ एक गवाह की गवाही

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोप तय होने के बाद करीब 12 वर्ष बीत जाने के बावजूद प्रॉसीक्यूशन पक्ष केवल एक पुलिस गवाह कांस्टेबल ओम प्रकाश शुक्ला की ही गवाही करा सका। बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद अन्य गवाह विशेषकर पीड़िता को अदालत में पेश नहीं किया गया। इसके बाद 22 जून 2026 को प्रॉसीक्यूशन साक्ष्य बंद कर दिया गया। सुनवाई के दौरान पुलिस गवाह ने मुख्य परीक्षा में गिरफ्तारी और बरामदगी की कार्रवाई का उल्लेख किया, लेकिन जिरह में उसने कई महत्वपूर्ण तथ्यों से अनभिज्ञता जताई। गवाह ने अदालत में स्वीकार किया कि वह आरोपियों को देखकर पहचान नहीं सकता, उसके सामने इस मुकदमे का कोई माल बरामद नहीं हुआ था और उसे यह भी याद नहीं कि आरोपियों को कहां से गिरफ्तार किया गया था।

## बेटे की तलाश में दर-दर भटक रहा परिवार मुख्यमंत्री से लेकर विदेश राज्य मंत्री तक लगाई गुहार

# दो महीने से सऊदी में लापता है बाराबंकी का युवक

- अधिकारियों के चक्कर काट रहा परिवार
- दो महीने से इंतजार, हर फोन कॉल पर टिकी रहती हैं निगाहें
- परिवार ने सरकार से लगाई मानवीय सहायता की गुहार

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। रोज़गार की तलाश में सऊदी अरब गए बाराबंकी के एक युवक का पिछले दो महीने से कोई सुराग नहीं लग पाया है। मोबाइल फोन बंद होने के कारण परिजनों का उससे संपर्क पूरी तरह टूट गया है। बेटे की सलामती को लेकर चिंतित परिवार प्रशासन से लेकर केंद्र सरकार तक गुहार लगा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। अनिश्चितता के बीच परिवार हर दिन बेटे की सुरक्षित वापसी की उम्मीद लगाए बैठा है।

रामनगर थाना क्षेत्र के सरसवां गांव निवासी शब्बीर करीब डेढ़ वर्ष पहले एक एजेंट के माध्यम से सऊदी अरब की अल करद प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने गया था। परिवार के अनुसार, वह नियमित रूप से फोन कर अपने हालचाल और कामकाज की जानकारी देता था। लेकिन 8 मई 2026 की शाम हुई बातचीत के बाद से उसका मोबाइल फोन बंद हो गया और उसके बाद से परिवार का उससे कोई संपर्क नहीं हो पाया।

बेटे की तलाश में परेशान पिता मुसीबत लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने कई बार जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की। जब स्थानीय स्तर पर कोई समाधान नहीं मिला तो उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को भी पत्र भेजकर बेटे का पता लगाने और उसे सकुशल भारत वापस लाने की गुहार लगाई।

परिवार का कहना है कि पिछले दो महीने से घर का माहौल पूरी तरह बदल गया है। हर फोन की घंटी पर उन्हें उम्मीद होती है कि शायद शब्बीर का कोई संदेश या कॉल होगा, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगती है। घर के सभी सदस्य उसकी सलामती को लेकर चिंतित हैं और अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं।

> **"परिजनों ने केंद्र और प्रदेश सरकार से अपील की है कि भारतीय दूतावास और संबंधित एजेंसियों के माध्यम से शब्बीर का जल्द से जल्द पता लगाया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी प्रयास किए जाएं तो बेटे की सुरक्षित वापसी संभव हो सकती है। परिवार ने मामले में शीघ्र कार्रवाई कर उन्हें राहत दिलाने की मांग की है।**

### एजेंट से भी नहीं मिली संतोषजनक जानकारी

जब कई दिनों तक शब्बीर का कोई फोन नहीं आया तो परिजन उसकी जानकारी लेने के लिए फतेहपुर थाना क्षेत्र के कटका गांव निवासी एजेंट अली अहमद के घर पहुंचे। परिवार का आरोप है कि एजेंट और उसकी पत्नी ने युवक के बारे में कोई स्पष्ट या संतोषजनक जानकारी नहीं दी। इससे परिवार की चिंता और बढ़ गई।

## महिला श्रम बल भागीदारी सेल के गठन हेतु आयोजित किया अंतर-विभागीय संवाद

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन ने आज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अंतर-विभागीय संवाद का आयोजन किया। इस बैठक में 12 विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों तथा विकास सहयोगियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) श्री मनोज कुमार सिंह ने की।

यह पहल 9 जून 2026 को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन एवं IPE Global Limited के बीच हुए (MoU) का हिस्सा है। इस साझेदारी का उद्देश्य वर्ष 2030 तक उत्तर प्रदेश की युवतियों एवं महिलाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास तथा आर्थिक अवसरों को सशक्त बनाना है। इसी क्रम में थ्स्थ्् सेल की स्थापना को एक महत्वपूर्ण कदम माना गया है।

श्री मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में Female Labour Force Participation दर (FLFPR) वर्ष 2017-18 में 13.5 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 32.4 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश /2047 के लक्ष्य के अनुरूप इस भागीदारी को 50 प्रतिशत तक ले जाने के लिए थ्स्थ्् सेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### इस सेल का कार्य चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित

- विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा राज्य थ्स्थ्् कार्ययोजना का निर्माण।
- कौशल विकास, रोजगार एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा देना।
  निजी क्षेत्र के साथ सहभागिता बढ़ाते हुए महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना।
- महिलाओं के लिए सुरक्षित आवास एवं परिवहन सुविधाओं को सुदृढ़ करना तथा डेटा आधारित निगरानी प्रणाली विकसित करना।

**आरोप :** परिजनों ने अंतिम संस्कार रोका, मुकदमा खत्म करने के आश्वासन पर माने परिजन

# फर्जी मुकदमे की खबर से महिला की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी के लोनीकटरा थाना क्षेत्र के खैरा वीरू गांव में मंगलवार को एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजनों का आरोप है कि परिवार के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जानकारी मिलने के बाद महिला की तबीयत बिगड़ी और बाद में उनकी मौत हो गई। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। वहीं पुलिस का कहना है कि महिला पहले से हृदय रोग से पीड़ित थीं और उनका उपचार चल रहा था।

खैरा वीरू गांव निवासी सियारानी (पत्नी रामनाथ) के परिजनों का आरोप है कि परिवार के आठ लोगों, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है, के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जानकारी मिलने के बाद महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि वे कथित फर्जी मुकदमा समाप्त करने की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार नहीं कर रहे थे।

सूचना पर लोनीकटरा थाना प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की।


मृतक सियारानी



**थाना प्रभारी अभिमन्यु मल्ल ने बताया महिला पहले से हृदय रोग से पीड़ित थीं और उनका इलाज चल रहा था। अचानक हार्ट अटैक आने से उनकी मृत्यु हुई। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के प्रकरण में प्राप्त तथ्यों के आधार पर नियमानुसार जांच और आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।**

### दो दिन पहले दर्ज हुए थे दोनों पक्षों के मुकदमे

मामला दो दिन पहले दर्ज हुए क्रॉस केस से जुड़ा है। 10 जुलाई को मृतका की देवरानी मालती ने नीरज के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके अगले दिन नीरज ने भी अपनी पत्नी के साथ थाने पहुंचकर मालती, सियारानी और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### सरकारी 65 लाख रुपये के गबन में लीपापोती

प्रयागराज । प्रयागराज के एनसीआर सूबेदारगंज डाकघर से 65 लाख रुपये गायब होने का मामला लीपापोती की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। 56 दिन बीत चुके हैं, लेकिन जांच अब भी वहीं की वहीं है। न गायब रकम का पता चल सका है, न इस मामले में एफआईआर दर्ज हुई। न ही डाक विभाग की विभागीय जांच पूरी हो सकी है। कार्रवाई में लगातार हो रही देरी ने पूरे प्रकरण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इतनी बड़ी रकम गायब होने के बावजूद धूमनगंज थाने में अब तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है।

डाक विभाग ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस उच्चाधिकारियों की अनुमति का हवाला दे रही है। दूसरी ओर विभाग का कहना है कि उसने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है।

डाक विभाग ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय समिति गठित की थी, लेकिन 56 दिन बाद भी जांच पूरी नहीं हुई।

# जेसीआई की जिलास्तरीय कार्यकारिणी का हुआ गठन

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनर्लिस्ट कॉउन्सिल ऑफ इंडिया (रजि.) बाराबंकी के कुरुक्षेत्र धाम महादेवा में अयोध्या मंडल अध्यक्ष बी. त्रिपाठी एड0 की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई इस दौरान जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया ।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों के सामने आज काफी चुनौतियां हैं जिसके लिए एक मजबूत संगठन की नितांत आवश्यकता है इसी परिपेक्ष में विचार विमर्श के बाद अंततः जनपद बाराबंकी की जिलास्तरीय कार्यकारणी का गठन किया गया है जिसमें सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार तिवारी , जिला महासचिव संतोष कुमार , जिला सचिव रजनीश सिंह , कृष्ण कुमार शुक्ला, जिला प्रवक्ता डॉ संजय तिवारी, संगठन मंत्री व जिला कोषाध्यक्ष उदय प्रकाश जैन मनोनीत किए गए हैं।

बाराबंकी में संगठन को मजबूत करने के लिए और पत्रकारों की समस्याओं का निस्तारण करने के उद्देश्य से जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि०) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० अनुराग सक्सेना जी व राष्ट्रीय संयोजक डॉ आर.सी. श्रीवास्तव जी की अनुशंसा पर उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले की कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा संगठन आशा करता है कि आप पत्रकार हितार्थ कार्यो मे हमेशा पत्रकारों के साथ कदम मिलाकर चलेंगे। इस अवसर पर जनपद की तहसील रामनगर के अंजनी कुमार अवस्थी को तहसील अध्यक्ष ,तहसील उपाध्यक्ष विशाल कुमार अवस्थी व तहसील सचिव विवेक कुमार शुक्ला मनोनीत किए गए । इसके अतिरिक्त पत्रकार बंधु ललित कुमार पाण्डेय , उमेश चन्द्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### अशोक सिंह बने जिलाध्यक्ष



# अपराध पर सख्त नजर, फैसलों में तेजी

## आईपीएस प्राची सिंह की कार्यशैली ने बनाई अलग पहचान

**चर्चा**

- शिक्षा से प्रशासन तक का सफर
- महिला सुरक्षा और जनता से संवाद पर फोकस
- वर्दी के साथ फिटनेस और साहसिक रुचियां भी कायम



बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकर नगर। सख्त फैसले, अनुशासित कार्यप्रणाली और कानून के अनुसार कार्रवाई के लिए पहचानी जाने वाली आईपीएस प्राची सिंह इन दिनों अंबेडकर नगर की पुलिस अधीक्षक के रूप में जिम्मेदारी संभाल रही हैं। पुलिस सेवा में अपने काम करने के तरीके से उन्होंने अलग पहचान बनाई है। अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और आम लोगों की शिकायतों के समाधान को प्राथमिकता देने वाली प्राची सिंह की कार्यशैली में स्पष्टता और त्वरित निर्णय प्रमुख रूप से दिखाई देते हैं।

कानपुर में जन्मीं और फतेहपुर से जुड़ी प्राची सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधार तैयार किया। उनके पिता राम सिंह गौतम पीसीएस अधिकारी रहे हैं, जबकि माता उषा सिंह शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी रही हैं।

प्रशासनिक माहौल से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एलएलबी और एलएलएम की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर 2017 बैच में आईपीएस बनीं।

साथ ही पुलिस विभाग में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने पर भी उनका जोर रहता है।

प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच प्राची सिंह फिटनेस को लेकर भी सक्रिय रहती हैं। घुड़सवारी और पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक गतिविधियों में उनकी रुचि उनके व्यक्तित्व के दूसरे पहलू को सामने लाती है। आईपीएस प्राची सिंह की पहचान एक ऐसी अधिकारी के रूप में बनी है, जो अनुशासन, निर्णय क्षमता और कानून के पालन को अपनी पुलिसिंग का आधार मानती हैं।

### अंबेडकर नगर में नई जिम्मेदारी, नई चुनौतियां

पुलिस अधीक्षक के रूप में अंबेडकर नगर की जिम्मेदारी संभालने के बाद प्राची सिंह के सामने साइबर अपराध, कानून व्यवस्था और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने जैसी चुनौतियां हैं।

जिले में बेहतर पुलिसिंग, अपराध पर नियंत्रण और आम नागरिकों को प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

### कानून व्यवस्था में सख्ती बनी पहचान

पुलिस सेवा के दौरान प्राची सिंह ने कई जिलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं। सिद्धार्थनगर, लखनऊ और श्रावस्ती में तैनाती के दौरान अपराध नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था को लेकर उनके काम की चर्चा रही। उनकी कार्यशैली में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर विशेष ध्यान रहा है। वह मामलों में तथ्यों और कानून के आधार पर निर्णय लेने पर जोर देती हैं।

**पुलिस प्रशासन में महिला सुरक्षा को लेकर प्रभावी कार्रवाई और शिकायतों के निस्तारण को वह महत्वपूर्ण मानती हैं। आम लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान की दिशा में काम करना उनकी कार्यप्रणाली का हिस्सा है।**

### सुरक्षित कार्य और स्वच्छता अभियान को लेकर दिया गया संदेश

# शहर को स्वच्छ रखने वाले हाथों का सम्मान

**सुरक्षा उपकरणों के नियमित उपयोग पर दिया गया जोर**

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकर नगर। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने में जुटे स्वच्छता मित्रों के सम्मान में नगर पालिका परिषद अकबरपुर ने मंगलवार को 'नमस्ते डे सेलिब्रेशन' के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यालय सभागार में हुए समारोह में स्वच्छता मित्रों को सम्मानित करने के साथ उन्हें व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) किट भी वितरित की गई।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी राजमणि, अवर अभियंता (जलकल) शैलेंद्र सिंह और अर्बन विशेषज्ञ रवि उपाध्याय ने स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया। अधिकारियों ने कहा कि नगर की साफ-सफाई बनाए रखने में स्वच्छता मित्र सबसे अहम कड़ी हैं। उनके निरंतर प्रयासों से शहर की स्वच्छता व्यवस्था सुचारु बनी रहती है।

कार्यक्रम में रवींद्र, संजीव, इलियास, अनीश और जुगनू को सम्मानित किया गया। सभी को सम्मान स्वरूप PPE किट प्रदान की गई, ताकि वे अपने दैनिक कार्यों के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपायों का पालन कर सकें।

कार्यक्रम में प्रधान लिपिक अनूप सोनकर, स्वच्छता प्रभारी इसराइल, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी जसवंत सिंह यादव, आशीष शुक्ला सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी, कर्मचारी और स्वच्छता मित्र उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान स्वच्छता मित्रों को कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि सफाई कार्य के दौरान PPE किट और अन्य सुरक्षा उपकरणों का नियमित उपयोग आवश्यक है। इससे कार्य के दौरान संभावित जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही स्वच्छता मित्रों से लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और नगर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

**फास्ट न्यूज**

### मिशन शक्ति की पहल से सुलझे दो पारिवारिक विवाद

अंबेडकर नगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले में पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए काउंसिलिंग की जा रही है। इसी क्रम में अकबरपुर और कटका थाना क्षेत्र में प्राप्त पति-पत्नी के विवाद संबंधी दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। मिशन शक्ति केंद्र की पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी संवाद कराया।

### रुद्र प्रताप सिंह बने राष्ट्रीय सनातन संघ के जिलाध्यक्ष

न्यौरी, अंबेडकर नगर। राष्ट्रीय सनातन संघ ने संगठन विस्तार को गति देते हुए आलापुर तहसील क्षेत्र के आमादरवेशपुर निवासी रुद्र प्रताप सिंह को अंबेडकर नगर का जिलाध्यक्ष नामित किया है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया पांडेय की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर सिंह की संस्तुति पर यह मनोनयन किया गया। संगठन की ओर से रुद्र प्रताप सिंह से जिले में संगठन को मजबूत करने, एकता बनाए रखने और धर्म एवं समाज हित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा की गई है।

### चौहान की बस्ती में बच्चों ने संभाली सड़क सुरक्षा की कमान

जलालपुर, अंबेडकर नगर। विकास खंड भियांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

# अब जांच के बाद ही किसानों को मिलेंगे कृषि निवेश

## बिना सहमति किसानों को नहीं दिया जाएगा कोई सामान

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर। गन्ना किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि निवेश उपलब्ध कराने के लिए चीनी मिलों की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अब चीनी मिलों की ओर से किसानों को दिए जाने वाले उर्वरक, जैव उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व, फसल सुरक्षा रसायन और अन्य कृषि निवेश निर्धारित गुणवत्ता मानकों की जांच के बाद ही उपलब्ध कराए जाएंगे।

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के निर्देश पर यह व्यवस्था लागू की गई है। इसका उद्देश्य किसानों को प्रमाणित कृषि निवेश उपलब्ध कराना, गन्ना उत्पादन बढ़ाना और खेती को वैज्ञानिक आधार देना है।

नई व्यवस्था के तहत उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व और कीटनाशकों के प्रत्येक बैच का परीक्षण NABL मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से कराना अनिवार्य होगा। जांच में मानक पूरा करने वाले कृषि निवेश ही किसानों तक पहुंचाए जाएंगे।

इसके अलावा भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित पेस्टीसाइड्स का वितरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। चीनी मिलों को इफको, कृभको और यूपीएसआरआई जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं से गुणवत्तायुक्त कृषि निवेश खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी किसान को उसकी मांग और सहमति के बिना कृषि निवेश उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

### बीबीपुर में आधी रात चला अभियान, खनन टीम से भिड़ने और वाहन छुड़ाने का आरोप

# नहर की सिल्ट से अवैध कमाई का खेल उजागर

**प्रशासन ने दबोची जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर। बसखारी थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में नहर की सिल्ट के अवैध खनन पर प्रशासन ने देर रात बड़ी कार्रवाई की। शिकायत पर पहुंची खनन विभाग की टीम ने मौके से जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लिया। कार्रवाई के दौरान टीम के साथ विरोध, सरकारी कार्य में बाधा और वाहन छुड़ाने के प्रयास का आरोप लगाया गया है।

13 जुलाई की रात अवैध खनन की सूचना मिलने पर खनन अधिकारी कमलेश साहू टीम के साथ बीबीपुर स्थित नहर पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान मौके पर जेसीबी संख्या यूपी45 एटी 2457 और कई ट्रैक्टर-ट्रालियों से नहर की सिल्ट निकालकर ले जाने का मामला सामने आया। टीम को देखते ही वाहन चालक मौके से भागने लगे। कार्रवाई करते हुए टीम ने एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया। इसके बाद पीछा कर करीब 30 मिनट बाद जेसीबी मशीन को भी कब्जे में ले लिया गया। अन्य वाहन मौके से निकल गए। खनन विभाग की टीम पकड़े गए वाहनों को बसखारी थाने ले जा रही थी। इसी दौरान ग्राम मसड़ा के पास 8 से 10 लोगों ने रास्ता रोक लिया। तहरीर के मुताबिक, आरोपितों ने टीम के साथ अभद्रता की और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई।

आरोप है कि इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्राली को छुड़ाकर ले जाया गया। टीम ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई।

पूछताछ में जेसीबी चालक ने अपना नाम रंगीला निवासी सुलेमपुर परसावा, थाना टांडा बताया। वहीं जेसीबी वाहन स्वामी का नाम कप्तान सिंह निवासी दशरैचा, थाना बसखारी बताया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जेसीबी चालक, वाहन स्वामी और 8 से 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली-2021, खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम-1957 और भारतीय न्याय संहिता-2023 की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

# मोहम्मद शारिक की स्मृति में लगाए गए पौधे

## शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

तमसा संकेत, संवाददाता




जलालपुर, अंबेडकर नगर। स्वर्गीय मोहम्मद शारिक की तृतीय पुण्यतिथि पर मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, जलालपुर में श्रद्धांजलि सभा और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए विद्यालय परिसर में फलदार और छायादार पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और पौधों की देखभाल का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों के माध्यम से हरियाली बढ़ाने की पहल की गई। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने मोहम्मद शारिक के जीवन से जुड़े सामाजिक कार्यों और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज हित में किए गए कार्य लोगों के लिए प्रेरणा का माध्यम बनते हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या गुलिस्तां अंजुम ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से अपने आसपास स्वच्छ और हरित वातावरण बनाने में सहयोग करने की अपील की।

# पिता के निधन से थमी पढ़ाई की चिंता

## नंदिनी की शिक्षा का जिम्मा उठाने आगे आए विवेक मौर्य

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर। कैंसर से पिता के निधन के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे एक परिवार की बेटी की पढ़ाई अब नहीं रुकेगी। अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के सिझौली गांव की छात्रा नंदिनी प्रजापति की शिक्षा का खर्च भाजपा नेता और नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने उठाने की घोषणा की है। इसके साथ ही छात्रा की एक वर्ष की फीस भी जमा करा दी गई है।

जानकारी के अनुसार, सिझौली निवासी राकेश कुमार प्रजापति का हाल ही में कैंसर के कारण निधन हो गया। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। उनके निधन के बाद पत्नी कुसुम, बेटी नंदिनी और छोटे बेटे के सामने आर्थिक कठिनाइयां खड़ी हो गईं। ऐसे में इंटर की छात्रा नंदिनी की पढ़ाई प्रभावित होने की स्थिति बन गई थी। परिवार की जानकारी मिलने पर विवेक मौर्य सिझौली पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नंदिनी की शिक्षा जारी रखने का निर्णय लिया। अगले ही दिन अकबरपुर के सैनिक इंटर कॉलेज में छात्रा की प्रवेश संबंधी प्रक्रिया पूरी कराते हुए एक वर्ष की फीस जमा कराई गई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आर्थिक अभाव के कारण उसकी पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। नंदिनी की शिक्षा की जिम्मेदारी लेने की इस पहल को परिवार के लिए महत्वपूर्ण सहयोग माना जा रहा है।

**सिझौली की इंटर की छात्रा की एक साल की फीस कराई जमा, आर्थिक संकट के बीच मिला शिक्षा का सहारा**

### जरूरतमंद परिवारों के सहयोग का सिलसिला जारी

नारायण फाउंडेशन के माध्यम से जिले में शिक्षा और सामाजिक सहयोग से जुड़े कई कार्यक्रम संचालित किए जाते रहे हैं। संस्था की ओर से पहले भी जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक और गृह उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई गई है। अकबरपुर में आयोजित सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 21 जोड़ों का विवाह भी कराया गया था।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में चल रहे अभियान

संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों पर भी काम कर रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क ठहरने, भोजन और परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाती है। इसके अलावा प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत जिले में जूट के बैग वितरित किए जा रहे हैं।

# सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर सड़कों पर उतरे छात्र

## जिला प्रशासन और आईआईटी मद्रास के सहयोग से अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकर नगर। सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन अंबेडकर नगर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी (CoERS), आईआईटी मद्रास के सहयोग से मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विद्यार्थियों ने पदयात्रा निकालकर सुरक्षित यातायात का संदेश आम लोगों तक पहुंचाया। कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू हुई सड़क सुरक्षा पदयात्रा पटेल नगर तक पहुंची। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के करीब 1500 से 2000 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

पदयात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। अधिकारियों और शिक्षकों ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों से संवाद

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें CoERS, आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों और यातायात प्रभारी जय बहादुर यादव ने विद्यार्थियों को सुरक्षित सड़क व्यवहार की जानकारी दी।

कार्यक्रम में छात्रों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों के सवालों के जवाब देते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े व्यवहारिक पहलुओं को समझाया गया। जागरूकता वीडियो के माध्यम से यातायात नियमों और सुरक्षित आदतों की जानकारी भी दी गई।

# न्योतरिया बाइपास पर ट्रेलर से भिड़ा ई-रिक्शा, चालक की मौत

तमसा संकेत, संवाददाता



- दोपहर तीन बजे हुआ हादसा, चीख-पुकार के बीच पहुंची पुलिस जिला अस्पताल में घायलों का उपचार जारी

अंबेडकर नगर। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के न्योतरिया बाइपास पर मंगलवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेलर और ई-रिक्शा की आमने-सामने हुई टक्कर में सात यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

बताया गया कि हादसा मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे न्योतरिया बाइपास पर हुआ। ई-रिक्शा और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बेवाना थाना क्षेत्र के सिवरानाली निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है।

दुर्घटना के समय ई-रिक्शा में कई यात्री मौजूद थे। हादसे में ज्योति, तीन वर्षीय अभिराज, प्रवीण बानों, मुहम्मद हुसैन, नूर सबा, रब्बानी फातिमा और सुभानी घायल हो गए।

घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर अकबरपुर कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज जारी है।

अकबरपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**कार्यक्रम : अवसाद सिर्फ उदासी नहीं, सिरदर्द, थकान और बेचैनी भी हो सकते हैं संकेत**

# एमआरए मेडिकल कॉलेज में मानसिक रोग विभाग का जागरूकता कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एमआरए मेडिकल कॉलेज, अंबेडकर नगर के मानसिक रोग विभाग की ओर से मंगलवार को जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मरीजों और उनके तीमारदारों को अवसाद और चिंता विकार के लक्षण, उपचार और सावधानियों की जानकारी दी गई।

मानसिक रोग विभाग की सहायक आचार्य डॉ. पारूल यादव, सहायक आचार्य डॉ. सुधांशु चंदेल, सीनियर रेजिडेंट डॉ. पृथ्वी नाथ सिंह और डॉ. प्रियंका यादव ने बताया कि अवसाद और चिंता वर्तमान समय की सबसे सामान्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में शामिल हैं। समय पर पहचान और नियमित इलाज से अधिकांश मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं। डॉ. पारूल यादव ने बताया कि अवसाद के मरीज हमेशा उदास दिखाई दें, ऐसा जरूरी नहीं है। कई मरीज लगातार सिरदर्द, शरीर में दर्द, थकान, नींद की समस्या, चिड़चिड़ापन और घबराहट जैसी शिकायतों के साथ अस्पताल पहुंचते हैं।

**कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी आम भ्रांतियों पर भी चर्चा की। मरीजों और उनके परिजनों को बताया गया कि समय पर पहचान, नियमित उपचार और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने से मानसिक रोगों का प्रभावी प्रबंधन संभव है।**

### मानसिक रोग भी अन्य बीमारियों की तरह वास्तविक

विशेषज्ञों ने कहा कि मानसिक बीमारियां भी ब्लड प्रेशर, मधुमेह, त्वचा रोग और मिर्गी की तरह चिकित्सकीय स्थितियां हैं। इन्हें कमजोरी, इच्छाशक्ति की कमी या चरित्र से जोड़ना गलत है। उन्होंने बताया कि उपचार केवल दवाओं तक सीमित नहीं होता। बेहतर परिणाम के लिए तनाव पर नियंत्रण, पर्याप्त नींद, नियमित दिनचर्या और परिवार का सहयोग भी जरूरी है।

### बीच में इलाज रोकना पड़ सकता है भारी

विशेषज्ञों ने बताया कि मानसिक रोगों की दवा बिना चिकित्सकीय सलाह के अचानक बंद करना नुकसानदायक हो सकता है। इससे बीमारी दोबारा उभर सकती है और लक्षण पहले से अधिक गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दवा लेने के बावजूद यदि तनाव, नींद की कमी या पारिवारिक और सामाजिक दबाव बढ़ जाए तो लक्षण दोबारा उभर सकते हैं। ऐसी स्थिति में उपचार छोड़ने के बजाय चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

# लखनऊ में कांग्रेस का दो दिवसीय मंथन आज से

## संगठन और राजनीतिक रणनीति पर होगी चर्चा

- राजेंद्र पाल गौतम की मौजूदगी में प्रदेश मुख्यालय पर होंगी बैठकें, संगठन को मजबूत करने पर रहेगा फोकस

तमसा संकेत, संवाददाता




लखनऊ। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम के लखनऊ आगमन पर 15 और 16 जुलाई को प्रदेश मुख्यालय में दो दिवसीय सांगठनिक बैठकों और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

बैठकों में प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य, संगठन की मजबूती और आगामी जन-सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। पार्टी पदाधिकारियों के साथ संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी मंथन किया जाएगा।

कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी संजय तिवारी ने बताया कि दोनों दिनों के कार्यक्रमों में प्रदेश स्तर के पदाधिकारी और संगठन से जुड़े जिम्मेदार कार्यकर्ता शामिल होंगे। पार्टी की ओर से इन बैठकों को आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठनात्मक रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

